न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

पीठासीन अधिकारी– राजीव बडगूजर (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
55 / 2024	16.04.2024	14.05.2024

अनवान

1. चेतना देवी पत्नी पृथ्वीराज जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

प्रार्थीया

बनाम

1. पृथ्वीराज पिता जमनालाल जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. राजेन्द्र कुमार पिता चतरभुज जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. कमलेश कुमार पिता चतरभुज जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. रामलाल पिता मदनलाल जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
5. केशर बाई पत्नी मदनलाल जाति ब्राहम्ण आयु वयस्क निवासी भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

अप्रार्थीगण

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री गोपाल दाधीच प्रार्थीया

–:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम::–

–:: निर्णय ::–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा भट्टों का बामनिया पटवार हल्का भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 206 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 626, 734 मीन, 735 कुल किता 03 कुल रकबा 1.44 हैक्ट0 कृषि भूमि प्रार्थीया के खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है, और अप्रार्थीगण आराजियात जैर–बहस के पडौसी खातेदार[illegible] है। प्रार्थीया [illegible] की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण [illegible]ता रहता है अतः प्रार्थीया की खातेदारी की आराजियात की मौके पर अभिलेख [illegible] नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा–चिन्ह स्थापित किया [illegible] भूमि के खातेदार का[illegible] है।

इस पर प्रार्थीया के प्रार्थना पत्र को [illegible] रजिस्टर किया जाकर [illegible]र्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। आज दिनांक 14.05.2024 को अप्रार्थी संख्या 1 से 5 के बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से एक तरफा कार्यवाही की गई। हाजिर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official
Signature Not Verified
Digitally signed by Rajeev Badgujar
Date: 2024.08.23 12:38:36 IST
Reason: SelfAttested

वकील प्रार्थीया द्वारा एक तरफा बहस बाबत निवेदन किया जो स्वीकार किया जाकर बहस एकतरफा सुनी गयी। हाजिर वकील प्रार्थीया द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीया अपनी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली का आद्यौपान्त अवलोकन किया। प्रार्थीया की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीया आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर–बहस की नपती करा पत्थरगढी कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थीया प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार कपासन को पत्थरगढी कराने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार कपासन को आदेश दिया जाता है कि मौजा भट्टों का बामनिया पटवार हल्का भट्टों का बामनिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 206 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 626, 734 मीन, 735 कुल किता 03 कुल रकबा 1.44 हैक्ट0 कृषि भूमि फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये व किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर पत्थरगढी किया जावे एवं पर्चा मौका एवं मौका नक्शा 15 दिवस में इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। पत्थरगढी हेतु तहसीलदार कपासन को 1000/– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीया से मौके पर प्राप्त करें। तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 14.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(राजीव बडगूजर)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन

Signature Not Verified

Digitally signed by Rajeev Badgujar
Date: 2024.08.23 12:38:36 IST
Reason: SelfAttested